चले भोले बाबा लिए संग बाराती

धुन- अरे द्वारपालो

गले नाग काले, बाघम्बर है तन पे ॥,
"चले भोले बाबा, लिए संग बाराती" ।
ना बारात पहले, कभी ऐसी देखी ॥,
"है शोभा निराली जो, बखानी ना जाती" ।
गले नाग काले,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मसानो की भस्मी, बनाई है उबटन,
"है मुंडो की माला, दूल्हे के कण्ठन" हाँ,,, ॥
है सेहरे के बदले, जटाजूट सर पे ॥,
"जटाओ में गंगा की, धारा सुहाती" ।
ना बारात पहले, कभी ऐसी देखी ॥,
"है शोभा निराली जो, बखानी ना जाती" ।
गले नाग काले,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

ना रथ है न घोड़ी, नादिया पे सज के,
"चले गौरा ब्याहने, शिव दूल्हा बन के" हाँ,,, ॥
है त्रिशूल कर में, बंधा जिसपे डमरू ॥,
"झूम झूम श्रष्टि भी, गीत गुनगुनाती" ।
ना बारात पहले, कभी ऐसी देखी ॥,
"है शोभा निराली जो, बखानी ना जाती" ।
गले नाग काले,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

कोई जाए गंजा, कोई जाए नंगा,
"कोई सिर कटा कोई, जाए भुजंगा" हाँ,,, ॥
बनाकर के टोली, भुत प्रेत नाचे ॥,
"निराला है दूल्हा, निराले है साथी" ।
ना बारात पहले, कभी ऐसी देखी ॥,
"है शोभा निराली जो, बखानी ना जाती" ।
गले नाग काले,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

नाचते है सारे, देव हो या दानव,
"नहीं आती हर दिन, घड़ी ऐसी पावन" हाँ,,, ॥
है शिव के विवाह की, कहानी निराली ॥,
"कहे कैसे योगी, बखानी ना जाती" ।
ना बारात पहले, कभी ऐसी देखी ॥,
"है शोभा निराली जो, बखानी ना जाती" ।
गले नाग काले,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18395/title/chale-bhole-baba-liye-sang-barati

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |